दिनांक-07.12.2024 समय-7.10एएम

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रात:कालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 85 नए केंद्रीय विद्यालय और 28 नए नवोदय विद्यालय को दी मंजूरी, प्रदेश में भी खुलेंगे 11 नए केंद्रीय विद्यालय
- नर्मदापुरम में 6वीं रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आज, नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र पर होगा विशेष सत्र
- 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान आज से होगा शुरू, प्रदेश के 23 जिलों में भी चलेगा अभियान
- भारत अंडर-19 एशिया कप वनडे क्रिकेट के फ़ाइनल में, बांग्लादेश से कल होगा मुकाबला
-

अब समाचार विस्तार से:–

**मंत्रिमंडल-केंद्रीय विद्यालय**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पांच हजार 872 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से देश में 85 नए केंद्रीय विद्यालय खोलने को मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इन नए केंद्रीय विद्यालयों के खुलने से देश में लगभग 82 हजार 560 छात्रों को सस्ती, उच्च गुणात्मक शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इस निर्णय से पांच हजार 388 नियमित पदों का सृजन होगा।

देश में एक हजार 256 केंद्रीय विद्यालय कार्यरत हैं। इनमें से 11 केन्द्रीय विद्यालयों प्रदेश के अशोक नगर, नागदा, मैहर, बालाघाट के तिरोड़ी, सिवनी के बरघाट, निवाड़ी, खजुराहो, कटनी के झिनझारी, मुरैना के सबलगढ़, नरसिंहगढ़ और भोपाल के कान्हासैया में खोले जाएंगे।

श्री वैष्णव ने यह भी घोषणा की है कि नवोदय विद्यालय योजना के अंतर्गत देश के बाकी बचे जिलों में 28 नए नवोदय विद्यालय खोले जाएंगे। इससे 15 हजार 680 से अधिक छात्र लाभान्वित होंगे और एक हजार 316 नियमित पदों का सृजन होगा।

**नर्मदापुरम रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज नर्मदापुरम में 6वीं रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का शुभारंभ करेंगे। कॉन्क्लेव में शामिल होने के लिए 4 हजार से अधिक पंजीयन हुए हैं, जिनमें 3 हजार एमएसएमई प्रतिनिधि, 75 प्रमुख निवेशक, और कनाडा, वियतनाम, नीदरलैंड, मेक्सिको और मलेशिया जैसे 5 देशों के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि शामिल होंगे। मुख्यमंत्री विभिन्न औद्योगिक परियोजनाओं का वर्चुअल भूमिपूजन और उद्घाटन भी करेंगे। इसमें 10 से अधिक प्रमुख निवेशक अपनी योजनाएं प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा, नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र पर केंद्रित राउंड टेबल सत्र होगा। 'नए क्षितिज, नई संभावनाएँ' थीम के अंतर्गत इस कार्यक्रम में कृषि, डेयरी, खाद्य प्रसंस्करण, नवकरणीय ऊर्जा, पर्यटन और वस्त्र जैसे क्षेत्रों पर विशेष

ध्यान दिया गया है। कॉन्क्लेव में स्थानीय उत्पादों के प्रदर्शन के लिए प्रदर्शनी भी लगाई जा रही है।

**मप्र पुलिस पुरस्कार**

दिल्ली में डेटा सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा कानून प्रवर्तन एजेंसी श्रेणी में मध्यप्रदेश साइबर पुलिस को बेस्ट इन्वेस्टिगेशन श्रेणी में देश में प्रथम स्थान तथा ट्रेनिंग एवं कैपेसिटी बिल्डिंग में देश में द्वितीय स्थान से सम्मानित किया गया है।

एडीजी मध्यप्रदेश सायबर पुलिस योगेश देशमुख ने बताया कि फ़र्ज़ी एपिक कार्ड और आधार कार्ड बनाने वाले अपराधियों को पकड़ने के कारण बेस्ट इंवेस्टिगेशन श्रेणी का सम्मान दिया गया है। वहीँ, ट्रेनिंग एवं कैपिसिटी बिल्डिंग में अभी तक 24 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 1 हजार 16 पुलिस अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

**टीबी उन्मूलन अभियान**

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज पंचकूला से 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान का शुभारंभ करेंगे। यह अभियान प्रदेश के 23 जिलों सहित देश के 33 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के 347 जिलों में चलाया जाएगा। इस अभियान में टीबी के मामलों का पता लगाने, उपचार में देरी को कम करने और विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले समूहों में उपचार के परिणामों में सुधार लाने पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा।

**महिला होटल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पचमढ़ी में महिलाओं द्वारा संचालित पहली होटल "एमपीटी अमलतास" का कल शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि होटल का संचालन सिर्फ महिलाओं द्वारा किया जाना मध्यप्रदेश के लिए गौरव का विषय है। वहीँ, पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि पर्यटन विभाग द्वारा महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के तहत चयनित 50 पर्यटन स्थलों पर 40 हजार महिलाओं को आत्मरक्षा की और 10 हजार महिलाओं को पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी की स्किल ट्रेनिंग दी जा रही है।

**जूनियर हॉकी-एशिया कप 2024**

जूनियर महिला हॉकी एशिया कप कल से ओमान के मस्कट में शुरू होगा, इसमें दस टीमें भाग लेंगी। यह चिली में होने वाले जूनियर एशिया कप एफआईएच जूनियर विश्व कप 2025 के लिए क्वालीफाइंग स्पर्धा है। भारतीय जूनियर महिला टीम की अगुवाई कप्तान ज्योति सिंह करेंगी। भारत कल बांग्लादेश के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। टूर्नामेंट का फाइनल 15 दिसंबर को होगा।

**क्रिकेट - बी.जी.टी. टेस्ट**

क्रिकेट में, ऑस्ट्रेलिया आज सुबह एडिलेड ओवल में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट मैच में भारत के खिलाफ़ एक विकेट पर 86 रन के स्कोर के साथ अपनी पहली पारी शुरू करेगा। मैच भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे शुरू होगा। मेजबान टीम अभी भी 94 रन से पीछे है। इससे पहले, भारत अपनी पहली पारी में 180 रनों पर ऑल आउट हो गया था।

**अंडर-19 एशिया कप**

पुरुषों के अंडर-19 एशिया कप वनडे क्रिकेट में, भारत कल सुबह 10:30 बजे दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में फाइनल में बांग्लादेश से भिड़ेगा। भारत ने सेमीफाइनल में श्रीलंका को सात विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। बांग्लादेश गत चैंपियन है, जिसने यूएई को हराकर 2023 अंडर-19 एशिया कप फाइनल जीता था।

पूल/पूजापीवर्धन/संजीव/दीपा/आमिर/51/05

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- झाबुआ में होमगार्ड के 78 वें स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्टर नेहा मीना के मुख्य आतिथ्य एवं पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ल के विशेष आतिथ्य में कल सम्पन्न हुआ।
- बैतूल में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत के लिए पेटी लगाई गई है।
- डिंडोरी में कलेक्टर हर्ष सिंह खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा की उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा बैठक ली।
- गुना में कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा तहसील मधुसूदनगढ़ की कृषि उपज मंडी और तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया।
- पन्ना में तीन दिवसीय हीरा नीलामी मे बोली के लिए रखे गए 127 नग हीरों मे से 86 नग हीरों कि नीलामी हुई, जिससे पांच करोड़ 38 लाख रूपये से अधिक अर्जित हुए।
- खरगोन जिले में मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा इंदौर संभाग के कमिश्नर एवं रोल प्रेक्षक दीपक सिंह ने कल महेश्वर में अधिकारियों की बैठक लेकर की।
- अशोक नगर में हम होंगे कामयाब अभियान के अंतर्गत आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न कानून पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।
- भोपाल में कल 1 करोड़ 53 लाख रुपये कीमत की 45 हजार लीटर अवैध शराब पर बुलडोजर चला। यह शराब विभाग ने समय समय पर जब्त की थी।
- भोपाल में 30वां इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट 5 जनवरी से खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट भोपाल के ओल्ड कैंपियन और बाबे आली मैदान पर होगा। इसमें प्रदेश की 42 टीमों के 630 मीडिया से जुड़े खिलाड़ी भागीदारी करेंगे। टूर्नामेंट टी-20 फार्मेट में खेला जाएगा।

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 85 नए केंद्रीय विद्यालय और 28 नए नवोदय विद्यालय को दी मंज़ूरी, प्रदेश में भी खुलेंगे 11 नए केंद्रीय विद्यालय
- नर्मदापुरम में 6वीं रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आज, नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र पर होगा विशेष सत्र
- 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान आज से होगा शुरू, प्रदेश के 23 जिलों में भी चलेगा अभियान
- भारत अंडर-19 एशिया कप वनडे क्रिकेट के फ़ाइनल में, बांग्लादेश से कल होगा मुकाबला

-------------